# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in


## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

*दिनांक- 17.08.2025*

**पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अभियान एवं धनतेरस व दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर बेहतरीन भेंट करते हुए जनपद भदोही में गुम हुये मोबाईल फोनों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत भदोही पुलिस द्वारा आम जन मानस के गुम/खोये हुए 166 मोबाईल फोन कीमत करीब ₹ 26,56,000 ( छब्बीस लाख छप्पन हजार रुपये) बरामद कर मोबाईल स्वामियों को सुपुर्द किया गया।**

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के दिशा-निर्देशन में जनपद भदोही में गुम हुये मोबाईल फोनों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस के गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी कर उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुँचाना है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में श्री शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को (CEIR) पोर्टल के प्रभावी उपयोग के माध्यम से गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी को और अधिक तीव्र करने हेतु पोर्टल, जनसुनवाई, डायल 112 इत्यादि माध्यम से शिकायत प्राप्त होते ही तुरंत CEIR पोर्टल पर मोबाइल का IMEI नंबर और संबंधित जानकारी दर्ज कर,पोर्टल से प्राप्त ट्रेसबिलिटी डिटेल्स, जैसे सिम नंबर और लोकेशन, का गहन विश्लेषण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए नियमित समीक्षा और फॉलो-अप करते हुए अधिक से अधिक मोबाइलों की बरामदगी करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

जनपद भदोही के अधीनस्थ थानों पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल, जनसुनवाई, डायल 112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर सतत प्रयास करके कुल 166 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बरामद किए गए मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग ₹26,56,000 (छब्बीस लाख छप्पन हजार रुपये) है। आज दिनांक 17.10.2025 को इन बरामद मोबाइल फोनों को रिजर्व पुलिस लाइन्स ज्ञानपुर सभागार में श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उनके स्वामियों को सौंपा गया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर मोबाईल स्वामियों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व जनपदीय पुलिस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

CEIR पोर्टल से बरामद मोबाइल फोन की सूची जनपद भदोही।

क्र0स0 नाम थाना बरामद मोबाइल की संख्या

1.ज्ञानपुर-19

2.गोपीगंज-30

3.कोईरौना-10

4.भदोही-20

5.चौरी-11

6.औराई-23

7.ऊँज-14

8.सुरियावां-29

9.दुर्गागंज-10

योग-166

उल्लेखनीय है कि श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण  में जनपद में CEIR पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों का 01 जनवरी 2025 से 17.10.2025 तक कुल 468 मोबाइल बरामद किए गए जिनकी कुल अनुमानित कीमत 75,80,000 रू0 है